# खिलाड़ी कामनवेल्थ गेम्स की तैयारी अभी से करें : सांसद

## पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की जन्मजयंती पर सांसद खेल महोत्सव का समापन



**भोपाल, 25 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्मजयंती पर 'सांसद खेल महोत्सव' के समापन समारोह के दौरान देशभर के खेल प्रेमियों को संबोधित किया. प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से वर्चुअल जुड़कर संवाद भी किया. भोपाल लोकसभा क्षेत्र के खेल महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में हुआ.**

इस अवसर पर प्रदेश के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक भगवानदास सबनानी, रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, पूर्व सांसद आलोक संजर, ननि अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, सेज ग्रुप के चेयरमैन संजीव अग्रवाल, पूर्व ओलंपियन समीर दाद सहित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में विजेता, उपविजेता रहे खिलाड़ियों को ट्राफी, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

इस अवसर पर सांसद शर्मा ने कहा कि ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से और आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे. वर्ष 2030 में भारत में कामनवेल्थ गेम्स होने है. युवा खिलाड़ी इसकी तैयारी अभी से करें.

भोपाल में सांसद खेल महोत्सव के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल था. मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में पारंपरिक लोकनृत्य और बैंड की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही. पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान आसमान में रंगीन गुब्बारे छोड़े गए. प्रधानमंत्री मोदी के विजन सांसद खेल महोत्सव से देशभर के करोड़ों युवा जुड़ चुके हैं. अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब तो खेलों को लेकर बच्चों के माता-पिता और समाज की भी सोच बदल रही है. 'जेन जी' का खेलों के प्रति लगाव देश की ताकत बनेगा. उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने के कई अवसर हैं.

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत भोपाल में 24 सितंबर को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया था. उसके बाद तीन महीने तक तीन स्तर की प्रतियोगिताएं ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर और लोकसभा स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. सांसद शर्मा ने मध्य विधानसभा क्षेत्र के ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए.

> सांसद शर्मा ने बताया कि भोपाल लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत 76 हजार प्रतिभागियों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया था. सीहोर और बैरसिया ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों के उत्साह और प्रदर्शन ने युवाओं में ऊर्जा भर दी. एक ओर जहां कुश्ती और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल की प्रतिभाएं निकल कर आई हैं वहीं क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन फुटबाल और हॉकी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है. गोविंदपुरा, हुजूर, मध्य, दक्षिण-पश्चिम, नरेला और उत्तर विधानसभा क्षेत्र में स्कूल स्तर, ब्लाक स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं का प्रदर्शन जोरदार रहा.

# किसमस पर्व पर चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना सभाएं

## धर्मगुरुओं ने कहा- प्रभु यीशु ने सेवा, त्याग और मानवता का संदेश दिया





**भोपाल, 25 दिसंबर. राजधानी भोपाल के चर्चों में गुरुवार को क्रिसपर्व धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर विशेष प्रार्थना की गई. सेंट जॉन चर्च, गोविंदपुरा सिक्योरिटी लाइन में श्रद्धा और अनुशासन के साथ विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, शांति, करुणा और आपसी भाईचारे के संदेश को सुदृढ़ करना रहा. प्रार्थना सभा में फादर अनिल मार्टिन ने अपने संदेश में कहा कि यीशु मसीह का जीवन सेवा, त्याग और मानवता की मिसाल है. आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब प्रार्थना के माध्यम से लोगों के मन में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और सामाजिक एकता का भाव जागृत करना अत्यंत आवश्यक है. फादर मार्टिन ने विशेष रूप से देश में शांति, समृद्धि, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र की प्रगति के लिए परमेश्वर से आशीर्वाद की कामना की. उन्होंने कहा कि चर्च का उद्देश्य केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग के कल्याण, आपसी सद्भाव और नैतिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करना है. प्रार्थना के माध्यम से लोगों को नकारात्मकता से दूर रहकर प्रेम और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई. इस अवसर पर अध्यक्ष अमन मार्टिन ने कहा कि यीशु मसीह का संदेश हमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और मानवता की भावना सिखाता है. उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया.



## गायत्री महायज्ञ के लिए निकाली कलश यात्रा

**भोपाल, 25 दिसंबर.** नेहरू नगर में लाल सिंह मैदान कोपल स्कूल के सामने 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा के लिए गुरुवार को सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई. इस दौरान पुंसवन संस्कार, अन्नप्राशन, मुंडन संस्कार, विद्यारंभ, दीक्षा संस्कार नि:शुल्क कराए जाएंगे. महायज्ञ एवं कथा का समापन 28 दिसंबर को पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण से होगा.

### एक नजर में




### बरकतउल्ला विवि में हुई मानक लेखन प्रतियोगिता

**भोपाल, 25 दिसंबर.** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वाधान में 'मानक क्लब' का गठन किया गया था. इस क्लब के लगभग 13 छात्र-छात्राओं ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रायोजित 'मानक लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रतियोगिता के प्रारंभ में सबसे पहले भूविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं स्टैंडर्ड क्लब की मेंटर डॉ. विनीशा सिंह द्वारा, बी.आई.एस. के रिसोर्स पर्सन दीपिका गायकवाड़ का स्वागत किया गया. रिसोर्स पर्सन दीपिका गायकवाड़ एवं भूविज्ञान विभाग के स्टैण्डर्ड क्लब की मेंटर डॉ. विनीशा सिंह ने भारतीय मानक ब्यूरो और मानक लेखन प्रतियोगिता के बारे में मार्गदर्शन दिया तथा दैनिक जीवन की वस्तुओं में बी.आई.एस. के हॉलमार्क और उसके महत्व के बारे में बताया. इसके बाद छात्र-छात्राओं ने 'पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर' विषय पर मानक लेखन किया और मानक लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंकिता सिंह ठाकुर -आशी ताम्रकार, द्वितीय स्थान पर शोभित दाहिया-मौतासिम बिल्लाह, तृतीय स्थान पर मौमिता जाना-तुलसी मरावी और चतुर्थ (सांत्वना) पुरस्कार हेतु आर्यन राय का समूह रहा जिन्हें पुरुष्कृत किया गया. यह कार्यक्रम डॉ. विनीशा सिंह, मेंटर एवं विभागाध्यक्ष,भूविज्ञान विभाग,बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, डॉ.आरती डावर(सहायक-प्राध्यापक),डॉ. अमन सोनी (गेस्ट फैकल्टी), रिसर्च स्कॉलर्स और विभाग के अन्य सदस्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ.

### आज शहर के 15 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल, 25 दिसंबर.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शुक्रवार को शहर के लगभग 15 इलाकों में मेंटनेंस करेगी. इन इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी. शुक्रवार को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक सिग्नेचर रेजीडेंसी कॉलोनी, सागर प्रीमियम टावर, सिग्नेचर 99 कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक 11 मिल टावर, 11 मिल तिराहा एवं आसपास के स्थान. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक जाटखेड़ी, महेंद्रा ग्रीन वुड, पारस विला, स्ट्रेलिंग ग्लोबल ग्रांड, सागर पर्ल, इडन पार्क, स्वास्तिक ग्राउंड, गोल्डन वैली विलास, हरिपुरम कॉलोनी एवं आसपास के इलाके में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

# भानपुर में तुलसी पूजन कर दिया सनातन परंपरा का संदेश

▸ सेवा भारती ने आयोजित किया कार्यक्रम

**भोपाल, 25 दिसंबर. सनातन संस्कृति में तुलसी पूजन को प्राप्त विशेष महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा भारती द्वारा भानपुर क्षेत्र में तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र एवं तुलसी जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया.**

दीप प्रज्वलन सेवा भारती मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष पी. एस. बिंद्रा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर द्वारा किया गया.इस अवसर पर वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति में तुलसी पूजन के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी भारतीय जीवन पद्धति में आस्था, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की प्रतीक है. उन्होंने सभी नागरिकों से सनातन संस्कारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया. सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि संस्था भारतीय संस्कृति के पर्वों एवं परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है.

# राष्ट्रीय थ्रोबॉल स्पर्धा के लिए एमपी की टीम घोषित

**केरला के कोट्टयूम में 28 दिसंबर से होगी राष्ट्रीय स्पर्धा**

**भोपाल, 25 दिसंबर. भोपाल. केरला थ्रोबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में कोट्टयूम (केरला) में 47 वीं राष्ट्रीय सीनियर थ्रोबाल प्रतियोगिता 2025-26 (पुरूष एवं महिला) का आयोजन 28 से 31 दिसम्बर 2025 तक किया जा रहा है.**

इसके लिए थ्रोबाल खेल मैदान ई-3 अरेरा कालोनी भोपाल में विगत एक माह से चल रहे प्रशिक्षण शिविर और चयन के बाद मध्य प्रदेश थ्रोबाल एसोसिएशन के सचिव एवं प्रशिक्षक आशीष सक्सेना ने मध्य प्रदेश की पुरूष एवं महिला टीमों की घोषणा की. पुरुष वर्ग में विवेक कुशवाहा टीम के कप्तान होंगे. वही महिला वर्ग में प्रेरणा लोखंडे कप्तान होंगी.



पुरुष वर्ग में विवेक कुशवाहा (कप्तान), मिथुन वर्मा, कमल कुशवाहा, पवन तिवारी, चंद्रकांत हरडे, रजत कोवे, मोहित डॉबी, मयंक सिंह, सौरभ बघेल, देवेन्द्र अहिरवार, रोहित इंगले, करण मालवीय, आकाश तायडे, प्रशांत धुर्वे, `आयुश धनवरे, आशीष सक्सेना, शशिकांत हरडे (प्रबंधक) एवं महिला वर्ग में प्रेरणा लोखंडे (कप्तान), सीता मुखिया (उप कप्तान), शोभा सरेयाम, दुर्गा मालवीय, आकृति पटेल, अलमास खान, स्नेहा चौधरी, माया साहू, सुहाना खान, दिशा उयके, प्राची कीर, आरती तुमराम, शिखा जाट, पूजा अंबारे, संध्या ठाकुर (प्रबंधक) शामिल हैं. टीम गुरुवार को केरला के लिए रवाना हुई खिलाड़ियों ने बुधवार को खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से भेंट की.

# अयोध्या नगर में निकली कलश यात्रा

▸ एम सेक्टर के दुर्गा हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**भोपाल, 25 दिसंबर.** अयोध्या नगर के एम सेक्टर स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर से गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं. साथ ही बालिकाएं व महिलाएं डीजे पर नृत्य कर रही थीं. कलश यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए अयोध्या नगर थाने के बगल में हनुमान मंदिर पहुंची. इसके बाद वापस कथास्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई. इसके बाद दुर्गा हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ.



यहां कथा व्यास दुर्गा प्रसाद शर्मा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराएंगे. कथा का समापन 31 दिसंबर को होगा. 1 जनवरी को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन होगा. कथा में राज्यमंत्री व स्थानीय विधायक कृष्णा गौर मुख्य अतिथि बतौर शामिल होंगी.

# भाग्यवान व्यक्ति के यहां जन्म लेती हैं बेटियां

## बरखेड़ा में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास ने बेटियों का महत्व बताया

**भोपाल, 25 दिसंबर. बरखेड़ा रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथाव्यास व समाज सुधारक आचार्य मनोज अवस्थी ने अनुसुइया चरित्र की कथा को सुनाते हुए बताया कि पतिव्रता नारी में इतनी समर्थ होती कि वह ब्रह्मा, विष्णु, महेश को बालक बना सकती है. क्योंकि वह संस्कार को जन्म देती है. भारत की नारी सदा से ही पूज्यनीय रही है.**

उन्होंने कहा कि बेटी बड़े भाग्य से किसी के यहां जन्म लेती है उसकी तो पूजा करनी चाहिए.



इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवानदास सबनानी, कथा के आयोजक संजय खंडेलवाल, देवास वाले भूपेंद्र महाराज, देवेन्द्र पतसारिया, राजेन्द्र अवस्थी, सुखेन्द्र मिश्र, श्रमश्री सेवा संस्था के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, महेश मालवीय, सुनील गंगवानी, अशोक चूड़ामणि, राजेश मिश्रा, हेमन्त सिंह, सुभाष दुबे, राकेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे.

**सम्मान समारोह** ▸ मध्यप्रदेश लेखक संघ का वार्षिक साहित्यकार सम्मेलन, सम्मान समारोह 28 दिसंबर को

# प्रदेश के 28 साहित्यकार विभिन्न सम्मानों से होंगे अलंकृत



**भोपाल, 25 दिसंबर. मध्यप्रदेश लेखक संघ का वार्षिक साहित्यकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रविवार 28 दिसम्बर को 11 बजे से मानस भवन के पं. राम किंकर सभागार में आयोजित किया जायेगा. समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा करेंगे.**

मुख्य अतिथि रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे तथा सारस्वत अतिथि विकास दवे होंगे. आयोजन में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों के साहित्यकार उपस्थित रहेंगे. इस अवसर पर प्रदेश के 28 साहित्यकारों को वर्ष 2025 के विभिन्न सम्मानों से अलंकृत किया जायेगा. संघ के प्रान्ताध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने बताया कि साहित्यकारों की सूची इस प्रकार है -

- **पं. बटुक चतुर्वेदी अक्षर आदित्य सम्मान :** डॉ. गंगा प्रसाद गुप्त, बरसैंया, भोपाल
- **राधेश्याम द्विवेदी ऐतिहासिक/पौराणिक उपन्यास/ नाटक सम्मान :** - अरुण अपेक्षित, इन्दौर
- **सारस्वत सम्मान :** महेश सक्सेना, भोपाल
- **डॉ. सरोजिनी कुलश्रेष्ठ कहानी सम्मान :** - नीता श्रीवास्तव, महू, इंदौर
- **डॉ. पुष्पा चौरसिया श्रेष्ठ गीतकार सम्मान :** श्याम सुन्दर तिवारी,खंडवा
- **इंजी. प्रमोद शिरढोणकर विरहमन स्मृति राष्ट्र प्रेरणा सम्मान :** शशिकांत यादव, देवास
- **हरिशंकर तिवारी यात्रा वृतान्त सम्मान :** डॉ. विनय राजा षडंगी राजाराम, भोपाल
- **सुधा सावित्री श्रेष्ठ बुन्देली साहित्यकार सम्मान :** हरिकृष्ण 'हरि', दतिया
- **सरदार दिलजीत सिंह रील व्यंग्य सम्मान :** डॉ. साधना बलवटे, भोपाल
- **डॉ. वल्लभ दास शाह अनुवाद सम्मान :** विनोद कुमार जैन, भोपाल
- **स्व. जैतराम धमेनियाँ स्मृति छांदस रचनाकार सम्मान :** प्रभु त्रिवेदी, इन्दौर
- **मदन मोहन चतुर्वेदी साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान :** दिनेश पाठक, ग्वालियर
- **डॉ. देवेन्द्र जोशी हिन्दी/ मालवी साहित्य सेवी सम्मान :** दिनेश प्रभात, भोपाल
- **संतोष तिवारी समीक्षा सम्मान :** डॉ. नीलिमा रंजन, भोपाल
- **पं. बृज वल्लभ आचार्य संस्कृतज्ञ सम्मान :** प्रो. गोविन्द पांडेय, भोपाल
- **हरि शरण चौबे गीतकार सम्मान :** डा. प्रतिभा द्विवेदी, भोपाल
- **मेहमूद जकी ग़ज़ल सम्मान :** सुरेश पबरा आकाश, भोपाल
- **पुष्कर सम्मान :** डॉ. मीनू पाण्डेय, भोपाल
- **देवकी नंदन माहेश्वरी सम्मान :** प्रवीण अत्रे, रतलाम
- **कस्तूरी देवी चतुर्वेदी लोकभाषा सम्मान :** राकेश रागी, खरगोन
- **हरीश निगम स्मृति मालवी भाषा सम्मान :** ओम प्रकाश पंड्या,
- **काशी बाई मेहता लेखिका सम्मान :** राज कुमारी चौकसे, भोपाल
- **कमला चौबे स्मृति लेखिका सम्मान :** डॉ. यशोधरा भटनागर, देवास
- **अमित रमेश शर्मा मंचीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मान :** सुनील गाइड, तराना
- **राम पूजन मलिक नवोदित गीतकार सम्मान :** डॉ. प्रार्थना पंडित, भोपाल
- **मालती वसंत बाल साहित्यकार सम्मान :** डॉ. वर्षा चौबे, भोपाल
- **अरविन्द चतुर्वेदी स्मृति साहित्य सेवी सम्मान :** विमल भंडारी, भोपाल
- **उत्कृष्ट इकाई सम्मान :** खरगोन इकाई

# युवक-युवतियों ने दिया परिचय

▸ लोधी, लोधा व लोध समाज का परिचय सम्मेलन संपन्न

**भोपाल, 25 दिसंबर. मानस भवन में 25 वाँ युवक युवती परिचय सम्मेलन रजत जयंती वर्ष के रूप में लोधी एचएस भदौरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में देशभर से लगभग 450 युवक युवतियों पहुंचे और हिस्सा लिया.**

युवक युवतियों ने दहेज प्रथा को ख़त्म करने और नशे से मुक्ति की बात मुख्य रूप से अपने विचारों में रखी, ताकि एक समृद्ध समाज का निर्माण हो सके, जो देश के विकास में सहयोग कर सकें. सभी अतिथियों ने युवक- युवतियों को शुभकामनाएँ दी. समाज को कुरीतियों से मुक्त करने और प्रकृति संरक्षण की बात सब ने प्रमुखता से रखी. इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एटा विधायक विपिन कुमार डेविड, बड़ा मलेहरा विधायक रामसिया भारती, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया, पूर्व विधायक प्रद्धुमन सिंह लोधी, आईएएस अधिकारी शीलेन्द्र सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए. साथ ही समाज के अनेक राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

